हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

04 नवंबर 2024, समय 1810

- भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित ओंटारियो में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कनाडा के मंदिर में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज तृतीय पंचकूला पुस्तक मेले का शुभारंभ किया।

  मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान से व्यक्ति अंधकार से प्रकाश की और अग्रसर होता है।
- हरियाणा के तकनीकी शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन सहित रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर बल दिया।
- हरियाणा के नवनियुक्त मुख्य सचिव विवेक जोशी कार्यभार संभाला।

*******************************************************

भारत ने कल कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित ओंटारियो में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा की है

और इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कनाडा सरकार से कहा है कि वो सभी पूजा स्थलों को इस प्रकार के हमलों से बचाए। भारत को उम्मीद है कि कनाडा सरकार हिंसा में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाए।ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने ओंटारियो में वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर हिंसक व्यवधान पर निराशा व्यक्त की। उच्चायोग ने कहा कि टोरंटो के निकट ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ सह-आयोजित वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों द्वारा हिंसक व्यवधान डाला गया।

**********************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कनाडा में मंदिर में हुए हमले की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।वे आज पंचकूला में पुस्तक मेले के उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार वहाँ की स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए हैं।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि देश में हो रहे चुनाव में जहां भी केंद्रीय नेतृत्व उनकी ड्यूटी लगाएगा, वो वहां जाकर प्रचार करेंगे। जिस प्रकार तीसरी बार हरियाणा में बहुमत की सरकार बनी है ऐसे ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।डीएपी खाद को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ इस बारे में बैठक भी की गई है, ऐसे बयान देकर जानबूझ कर नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूरिया की कोई कमी नहीं है।उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि घबराने की जरूरत नहीं, सरकार पूरा ख्याल रख रही है।पराली प्रबंधन को लेकर पंजाब की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खिंचाई

किए जाने व आंकड़ों में फेर बदल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में सरकार की स्थिति के कारण ही दिक्कत आ रही है। हरियाणा में बी जे पी की सरकार ने प्रबल पराली प्रबंधन को लेकर जबरदस्त काम किया है जिसकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रशंसा भी की गई है।

********************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में तृतीय पंचकूला पुस्तक मेले का शुभारम्भ किया। यह मेला 10 नवंबर तक चलेगा।इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता एवं सिया के अध्यक्ष पी.के. दास सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को मेले में आने को आह्वान किया–

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान का ही परिणाम है कि आज हमारे प्रदेश के युवा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करे रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिला कुरूक्षेत्र के गांव अरूणाय, करनाल के बड़ा गांव और झज्जर के गांव मदाना में बनाए गए सरदार पटेल पुस्तकालयों का उद्घाटन किया। उन्होंने पुस्तक मेले का अवलोकन भी किया और कई पुस्तकों का लोकार्पण भी किया।

पुस्तक मेले में आए आगंतुकों ने कहा कि यह बहुत अच्छा प्रयास है।

इस मेले का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए ऊर्जा संस्कृति समिति की पहल पर विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से किया गया है। मेले में हिन्दी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा के 100 से अधिक प्रकाशको की किताबें प्रदर्शित की गई है।

****************************************************

हरियाणा के तकनीकी शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन सहित रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर बल दिया है।

वह आज पंचकूला में तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे साथ ही उद्योगों के साथ तालमेल कर पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार दिलाने पर ध्यान दें। उन्होंने 21वीं सदी की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण सुविधाओं, मशीनरी और उपकरणों तथा कंप्यूटर प्रणाली अपग्रेड करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में तकनीकी शिक्षा के शैक्षणिक मानकों को ऊपर उठाने के लिए योग्य शिक्षकों की सेवाएं लेना भी अति महत्वपूर्ण है।

श्री महीपाल □ांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर स्तर की शिक्षा में राष्ट्रभाषा हिंदी को बढ़ावा देने की बात कही है और इस पर अमल करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से हिंदी माध्यम के लिए गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम सामग्री विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा।बैठक में शिक्षाविदो और उद्योग भागीदारों के साथ

समझौता ज्ञापन और छात्र परिणामों में सुधार के लिए रणनीति बनाने पर भी चर्चा की गई।शिक्षा मंत्री ने आह्वान किया कि शिक्षक छात्रों को नौकरी के लायक बनाने के साथ साथ रोजगार सृजन के लिए भी तैयार करें।

*******************************************************

हरियाणा के नवनियुक्त मुख्य सचिव विवेक जोशी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने आज चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की।श्री नायब सिंह सैनी ने श्री जोशी को सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम हरियाणा के तौर पर सब मिलकर प्रदेश के विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

*******************************************************

रेलवे, छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और सुगम यात्रा के लिए विशेष रेलगाडियों का संचालन कर रहा है। आज रेलवे द्वारा भीड़ को देखते हुए 185 विशेष रेल गाड़ियां चलाई जा रही हैं। ये रेलगाड़ियां अमृतसर, आनंद विहार, भटिंडा, दिल्ली, नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, उधना, तिरुपति एवं चेन्नई जैसे शहरों से चलाई जा रही हैं।उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि रेलवे नियमितरेलगाड़ियों के अलावा त्योहारों के मद्देनजर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी कर रहा है। तथा लगभग 25 विशेष रेलगाड़ियाँ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से देश के विभिन्न भागों के लिए रवाना हो रही हैं।उन्होंने बताया कि

छठ पर्व मनाने जा रहे यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए मांग आधारित रेलगाड़ियां भी चलाई जा रही हैं। भीड को देखते हुए सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर राजकीय रेल पुलिस, रेल सुरक्षा बल के जवान और रेल सेवकों की तैनाती की गई है।